भिलाली

मौखिक साहित्य

गजेन्द्र आर्य

भिलाली
मौखिक साहित्य

गजेन्द्र आर्य

प्रधान सम्पादक
श्रीराम तिवारी

सम्पादक
अशोक मिश्र

आदिवासी लोक कला एवं बोली विकास अकादमी
मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद्
भोपाल का प्रकाशन

प्रकाशक – निदेशक
आदिवासी लोक कला एवं बोली विकास अकादमी
मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद्
मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय, श्यामला हिल्स
भोपाल–462002 फोन–0755–2661948, 2661640
E-mail : mplokkala@rediffmail.com,
mptribalmuseum@gmail.com
web. : www.mptribalmuseum.com

प्रकाशन – वर्ष 2014

मूल्य – रु. 50/– (रुपये पचास केवल)

स्वत्वाधिकार – आदिवासी लोक कला एवं बोली विकास अकादमी
मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद्

शब्दांकन – आदिवासी लोक कला एवं बोली विकास अकादमी
मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद्

मुद्रण – मध्यप्रदेश माध्यम, भोपाल

- पुस्तिका से संबंधित समस्त विवादों का न्यायालयीन कार्यक्षेत्र भोपाल होगा।
- पुस्तक में छपी सामग्री के किसी भी माध्यम द्वारा उपयोग के पूर्व अकादमी से अनुमति लेना आवश्यक होगी।
- पुस्तिका में प्रकाशित समस्त सामग्री संकलनकर्ता, लेखक की अपनी है, आवश्यक नहीं है कि अकादमी इससे सहमत हो।

ISBN - 978-93-83118-98-4

मौखिकी की शब्द सम्पदा में से गीत, कथा, गाथा, लोकोक्ति, मुहावरे और पहेलियों के संकलन एवं अनुवाद का उद्यम अकादमी द्वारा निरन्तर रूप से किया जा रहा है। जातीय समुदायों के इन वाचिक सांस्कृतिक आधारों का संग्रह और प्रकाशन आधुनिक बाजार के विस्तार के दृष्टिगत और भी आवश्यक हो जाता है, जब हम सभी विकास की एक ऐसी प्रतियोगी आपा-धापी में अपने को शामिल कर लगभग भाग से रहे हैं। ऐसे में हमारी परम्पराएँ जो हर तरह की भागमभाग से हमें निर्लिप्त होने का पाठ पढ़ाती हैं। विकास की इस अन्धी दौड़ और ठगी-सी हैं। हमारी जरूरतों के संसार से अब उनका सम्बन्ध कमतर होता जा रहा है। इस अनियंत्रित विकास का भी एक अंत है। हम जिस दिन इस दौड़ से थक जायेंगे। हमें परम्परा के बहुवर्णी पक्षों से ही शांति की अनुभूति होगी। ऐसे प्रयास उस समय मूल्यवान होंगे।

अकादमी के अनुरोध पर श्री गजेन्द्र आर्य ने भिलाला जनजातीय समुदाय के गीत, मुहावरे और पहेलियों का संकलन और अनुवाद किया है। आशा है जनजातीय वाचिक साहित्य के अध्ययन में उत्सुक अध्येताओं/पाठकों के लिए यह उपयोगी होगा।

- सम्पादक

अपनी बात

ढोल–मांदल की हुमकती तालें,ढोलगिया–फेफरिया का संगीत,बंशी की मचलती धुनें और भिलाली गीतों पर नृत्य करते भिलाले मन मोह लेते हैं। ये गीत वेदों की ऋचाओं की तरह सुनाई देते हैं। इसी तरह कहावतें एवं पहेलियाँ भी अपना विशिष्ट स्थान रखती हैं।

प्रेम गीतों का बहुत महत्त्व है। इन्हें नृत्य गीत भी कहते हैं। प्रेम नहीं होता तो संसार नहीं होता, घृणा की लपलपाती अग्नि में जलकर भस्मीभूत हो जाता। जब अन्तस्थल में प्रीति की कोपलें फूटती हैं, तब सपनों के पंछी फुदकने लगते हैं। प्रेम गीतों की अभिव्यक्ति भिलाला लड़के–लड़कियों को परिणय–सूत्र में कसकर बाँध देती है।

वैवाहिक गीतों का आनंद अनूठा है। ऐसे अवसरों पर नृत्य होता रहता है। आँखों ही आँखों में बातें हो जाती हैं। भावनाएँ, भावनाओं को टटोलती रहती हैं। मंद–मंद मुस्काने बिखरती चली जाती हैं। सरसर करता हुआ गीत सरकता ही चला जाता है। रुकता है वहाँ, जहाँ आलौकिक आनंद की चमक मुख पर स्पष्ट दिखाई देती है।

मगर आज के बदलते एवं दूषित वातावरण से भिलाली गीत, कहावतें और पहेलियाँ विलुप्त होती जा रही हैं। इनका एकत्रीकरण एवं अध्ययन जरूरी हो गया है, ताकि इसकी ज्ञानराशि से लोग लाभान्वित हो सकें। इस साहित्य को रक्षित करना अनिवार्य हो गया है, नहीं तो ये गर्त में खो जायेगा। इन शुभ बातों ने यह काम करने के लिए प्रेरित किया।

– गजेन्द्र आर्य

अनुक्रम

नृत्य गीत / 11

वैवाहिक गीत /31

कहावतें / 63

पहेलियाँ / 97

नृत्य गीत

डजाड़्या वन मा महुड़ी घणी टपके
जो चिरलो चोरी ज्यो, चुरी माथे पोड़से।
पला झाड़ ना थुड़ मा, डुकाई रहयो चिरलो
वारू–वारू महुड़ी भाळी रहयो ओ।
एनी डाले पली डाले, हिन्डी रहयो चिरलो
वारू–वारू महुड़ी खाई रहयो ओ।
रंगीलो फुलको ने आंगणे रोमे घोघेरा
जुवार्‌यो लुगेड़ो रुळी रह्यो ओ।।

शब्दार्थ : **उजाड़्या** = सुनसान, **चिरलो** = पंछी, **डुकाई** = छुपना, **वारु** = अच्छा, **हिन्ड़ी** = घूमना, **फुलको** = पोलका, **रोमे** = रमना।

इस सुनसान वन में महुआ के फल बहुत गिरते हैं। इन फलों को ये पंछी चुराता है, इसलिए चोरी मेरे माथे पड़ेगी। उस झाड़ के पास छुपकर ये पंछी अच्छे–अच्छे फल खा रहा है। इस डाली से उस डाली पर घूम फिर रहा है। स्वादिष्ट फल खा रहा है।

कड़वी लिमड़ी नू साहळु सेळो घणो
आयणी आई जा ने काई, साहळु सेळो घणो।
नीळी जामळ्या मा बगल्यो पाणी पीतो जाय

आसी काय भाळे ओ आयणी मारो भायो जाय।
रातो झगल्यो पेरतो मारो भायो जाय
आसी काय भाळे ओ आयणी तारो लाडो जाय।
तारी बावड़ी नू पाणी उड़ावतो जाय
आसी काय भाळे ओ आयणी तारो लाडो जाय।।

शब्दार्थ : **लिमड़ी** = नीम, **साहळु** = छाया, **घणो** = बहुत, **आयणी** = समधन, **जामळ्या** = जाम, **बगल्यो** = बगुला, **रातो** = लाल।

कड़वे नीम की छाया बहुत शीतल है। समधन तुम आ जाओ। हरे–भरे जाम के पेड़ के पास बगुला पानी पी रहा है। देखो! मेरा भाई भी वहाँ है। लाल रंग का कमीच पहनकर मेरा भाई जा रहा है। समधन! तुम इस तरह क्या देख रही हो, वह तुम्हारा होने वाला पति है।

रातराणी रातली पुरई
बान्ड़ी घाघरी नाचणे टेवाय रोहली ओ,
रातेलो पान ओ नानी
बान्डी घाघरी नाचणे टेवाय रोहली ओ।
भगुर्‌या मा आई ओ नानी
बान्डी घाघरी नाचणे टेवाय रोहली ओ।
हाट मा आई ओ नानी
बान्डी घाघरी नाचणे टेवाय रोहली ओ।
पान ते खादो ओ नानी
पान खाय ने वारलु गोळाई रोहली ओ।।

शब्दार्थ : **रातराणी** = रातरानी, **रातली** = लाल, **पुरई** = लड़की, **नाचणे** = नाचना, **टेवाय** = आदत, **रोहली** = रहना, **बान्डी** = नीचे से छोटी, **गोळाई** = गोल।

रातरानी की तरह वह लड़की है। वह छोटी घाघरी पहनकर नाच रही है। उसके हाथ में पान भी है। भगोरिया में आकर नाच रही है। पान खाकर बहुत अच्छा नृत्य कर रही है।

धीरी–धम नाचूं न काई जुवाण्या
पाँय में काकरा कुचे न काई जुवाण्या।
धम–धम नाचूं न काई जुवाण्या
आखो आँगणो खोदो न कोई जुवाण्या।
मांदळ वाजे घणी काई नी जुवाण्या
नाचणे कोरे घणी काई नी जुवाण्या।।

शब्दार्थ : **धीरी धम** = धीरे, **जुवाण्या** = जवान, **काकरा** = कंकर, **कुचे** = चुभना, **खोदो** = खोदना, **मांदल** = वाद्य।

मैं धीरे–धीरे नाचती हूँ। मेरे पैरों में कंकर चुभते हैं। नाचते–नाचते आँगन भी खोद देती हूँ। मांदल भी बज रहा है।

आओ ओ आयणी मोहल्लु रोमजे
आयणी नु देय ते सान्दो भिड़येल।।

शब्दार्थ : **मोहल्लु** = एक नृत्य, **रोमजे** = नृत्य करेंगे।

आयणी आओ, हम–तुम मिलकर मोहल्लु नृत्य करेंगे। आओ देरी मत करो।

ऊंचो गुलर कवळो लिलेरियो,
कवळो–मवळो बेड़ीले लिजेरियो।
ऊँची आयणी गडली लिलेरियो,
गडली मडली धोरी ले लिलेरियो।।

शब्दार्थ : **गुलर** = एक पेड, **बेड़ीले** = तोड़ना।

गूलर का पेड़ बहुत ऊँचा है। कोमल फलों को तोड़ लीजिए। आयणी की अवस्था अधिक है।

आंबी सांबी रमो ओ लिलोरी
गेन्द्यो फूल रोमो ओ लिलोरी।
आयणी दारी के रोड़ाई ओ लिलोरी
गेन्द्यो फूल रोमो ओ लिलोरी।
भजल्या खाई न आपरी ओ लिलोरी
गेन्द्यो फूल रोमो ओ लिलोरी।।
मोंद पिने छाकी ओ लिलोरी
गेन्द्यो फूल रोमो ओ लिलोरी।
धोम–धोम नांचो ओ लिलोरी
गेन्द्यो फूल रोमो ओ लिलोरी।।

शब्दार्थ : **आंबी सांबी** = एक नृत्य, **रमो** = नृत्य करेंगे, **गेन्द्यो** = गेंदा, **भजल्या** = भजिये, **मोंद** = मदिरा।

हम आबी सांबी नृत्य करेंगे। गेंदा फूल रमेंगे। आयणी को रुलायेंगे। मदिरा भी जी भर के पीयेंगे। धम–धम करके नाचेंगे और नृत्य करेंगे।

नदी धोड़े ओ लीलो खेत
बाजरी झोलका मारे रे लोल।
ओ भाया निहीं आओ तारा देश
बाजरी झोलका मारे रे लोल।
नदी धोड़े ओ लीलो खेत
बाजरी झोलका मारे रे लोल।
ओ भाया निहीं आओ तारा देश

भालड़ी ढेर की आवे रे लोल।
नदी धोड़े ओ लीलो खेत
बाजरी झोलका मारे रे लोल।
ओ भाया निहीं आओ तारा देश
सोयड़ी दातली मारे रे लोल।
नदी धोड़े ओ लीलो खेत
बाजरी झोलका मारे रे लोल,
ओ भाया निहीं आओ तारा देश
न्हायणी बेस आइड़ाये रे लोल।
नदी धोड़े ओ लीलो खेत
बाजरी झोलका मारे रे लोल,
ओ भाया निहीं आओ तारा देश
आयणी बेस हलकारे रे लोल।।

शब्दार्थ : **धोड़े** = पास में, **झोलका** = डोलना, **लीलो** = हरा, **भालड़ी** = सियार।

नदी के पास हरा–भरा खेत है। इस खेत में बाजरा लहरा रहा है। मैं तुम्हारे देश नहीं आऊँगी, क्योंकि बाजरा लहरा रहा है। इस बाजरे में सियार बहुत आते हैं। सिंहनी भी दहाड़ती है।

झिनो–झिनो डोगलो, रातो–रातो फूल ओ
नीळो–पेळो डोगलो, रातो–रातो फूल ओ।
मारी ओ सारी आयणी लांडाय घणी कोरे ओ
झिनो–झिनो डोगलो, रातो–रातो फूल ओ।
मारी ओ सारी आयणी डोहाय घणी कोरे ओ
झिनो–झिनो डोगलो, रातो–रातो फूल ओ।
मारी ओ सारी आयणी हाट कोरने जाए ओ

झिनो–झिनो डोगलो, रातो–रातो फूल ओ।।

शब्दार्थ : **झिनो** = बारीक, **लांडाय** = झूठा, **डोगलो** = कमीच, **रातो** = लाल।

मेरा कमीच बहुत पतला है। इस पर लाल फूल बने हैं। आयणी बहुत झूठ बोलती है। वो हाट करने भी जाती है।

ओ भाया सोनीड़ा पुर्‌या, मेखे विजळ्या घड़ाई दे
ओ भाया वणियारा पुर्‌या, मेखे छुन्जर्‌या घड़ाई दे।
ओ भाया ममार–ममार घड़ रे मारी भर जुवानी जाय
ओ पुरी ममार–ममार घडुओं काँ जाणे बाजी रोही
ओ भाया ममार–ममार घड़ रे मी भंगर्‌यो भाळणे जाओं।
ओ भाया पुतळ्यारा पुर्‌या, मेखे पुतल्या आपी दे
ओ भाया दर्जीरा पुर्‌या मेखे आंगल्या बोणाई दे।
ओ भाया ममार–ममार सीव रे मारी भर जुवानी जाय।
ओ पुरी ममार–ममार सीव ओ काँ जाणे बाजी रोही
ओ भाया ममार–ममार सीव रे पानी बीड़ो खाणे जाओं।
ओ भाया मादळ्यारा पुर्‌या मेखे खासड़ा आपी दे
ओ भाया कुटवाळ्या पुर्‌या मेखे खासड़ा आपी दे।
ओ भाया ममार–ममार आप रे, मारी भर जुवानी जाय
ओ पुरी ममार–ममार आपों काँ जाणे बाजी रोही
ओ भाया ममार–ममार आप दे, मैं नाचणे–कुदणे जाओ।।

शब्दार्थ : सोनीड़ा = स्वर्णकार, **मेखे** = मुझे, **घड़ाई** = बनाना, **वणियारा** = बनिया, **ममार** = शीघ्र, **पुतळ्यारा** = दर्जी, **पुतल्या** = कपड़े, **मादळ्यारा** = मांदल बजाने वाला।

हे सुनार भाई के लड़के! मेरे आभूषण शीघ्र बना दीजिए। तुम देरी मत लगाओ, तुरंत मुझे बनाकर दीजिए। मेरा यौवन निकला जा

रहा है। अरे लड़की! इतनी भी जल्दी क्या है, थोड़ा धैर्य रखो। अभी बना रहा हूँ। अरे ओ दर्जी के लड़के! जल्दी से मेरे कपड़े सिल दो। देखते नहीं हो क्या मेरा यौवन निकला जा रहा है।

तारा खिसा मा कांगसू ने मारा खिसा मा आरसू
चाल ओ गोरी अदले–बदले, बदले–अदले कोरी ले।
तारा हाथे मा लाकड़ी ने मारा हाथे मा काकेड़ी
चाल ओ गोरी अदले–बदले, बदले–अदले कोरी ले।
तारा हाथे मा रातलो रूमाल, मारा हाथे मा रातलो पान
चाल ओ गोरी अदले–बदले, बदले–अदले कोरी ले।
तारा हाथे मा ताड़ी छे ने मारा हाथे मा उळखी
चाल ओ गोरी अदले–बदले, बदले–अदले कोरी ले।
तारा पाँय में घूघेरा ने मारा गळा मा मांदेळो
चाल ओ गोरी अदले–बदले, बदले–अदले कोरी ले।
तारा घोरे मा बुकड़ा ने मारा घोरे मा डोगड़ा
चाल ओ गोरी अदले–बदले, बदले–अदले कोरी ले।
बुकड़ा चरासू नानी डोगेड़ा चरासू ओ
चाल ओ गोरी अदले–बदले, बदले–अदले कोरी ले।।

शब्दार्थ : खिसा = जेब, **कांगसू** = कंघा, **आरसू** = दर्पण, **काकेड़ी** = ककड़ी, **रातलो** = लाल, **डोगेड़ा** = पशु।

तेरे जेब में कंघा और मेरे जेब में दर्पण है। चल इन्हें आपस में बदल लेते हैं। तेरे हाथ में लकड़ी है और मेरे हाथ में ककड़ी है। तेरे हाथ में लाल रुमाल है और मेरे हाथ में लाल पान है। तेरे हाथ में ताड़ी है और मेरे हाथ में पीने का पात्र है। तेरे घर बकरियाँ और मेरे घर मुर्गियाँ हैं। चल इन्हें आपस में बदल लेते हैं। जो तेरे पास है वो मुझे दे और जो मेरे पास है वो तू ले–ले।

उन्डो कुवो न मुखड़ साकड़ो रे वाला
मैं रे बणजारी परदेश मा रे वाला।
झांझर्या पेरी न घूमर घुमसू रे वाला
मैं रे बणजारी परदेश मा रे वाला।
तागल्या पेरी न घूमर घुमसू रे वाला
मैं रे बणजारी परदेश मा रे वाला।
घुघर्या पेरी न घूमर घुमसू रे वाला
मैं रे बणजारी परदेश मा रे वाला।
झुमच्या पेरी न घूमर घुमसू रे वाला
मैं रे बणजारी परदेश मा रे वाला।
उन्डो कुवो न मुखड़ साकड़ो रे वाला
मैं रे बणजारी परदेश मा रे वाला।
उन्डो कुवो न मुखड़ साकड़ो रे वाला
मैं रे बणजारी परदेश मा रे वाला।।

शब्दार्थ : मुखड़ = मुख, **झांझर्या** = झांझर, **घूमसू** = घूमना, **बणजारी** = बंजारन।

कुआँ बहुत गहरा है, लेकिन उसका मुख सँकरा है। पैरों में झांझर पहनकर मैं नृत्य करुँगी। मैं बंजारन परदेश में हूँ। मैं गले में तागली पहनकर नृत्य करुँगी। घूँघरे पहनकर भी नृत्य कर सकती हूँ।

वीरकी दे न धीरकी दे
जमुना घड़िक टोकोराळी दे,
दा नाहर्या क मारी न
भाभी तुखे राखी ले ।।

शब्दार्थ : नाहर्या = नहार, **राखी =** रखना।

वीरकी और धीरकी दे। नहार को मारकर नहार की पत्नी को रख लूँगा।

वाड़ी मा वायो वटलो, उंजी सणबोर ओ
हामू ने न्हाछ्या दोळ, जोगी न न्हाछ्या लोटिया।
विदिळा पेरई दऊँ ओ चतुर पणियारी
अळतेन नथी आओ रे पांथ्या भाया जोगी।
पेरई ने बताड़ो ओ चतुर पणियारी
झुमच्या पेरई दऊँ ओ चतुर पणियारी।
अळतेन नथी आओ रे पांथ्या भाया जोगी
पेरई ने बताड़ो ओ चतुर पणियारी।।

शब्दार्थ : वाड़ी = खेत, **न्हाछ्या** = डाले, **वटलो** = मटर, **अळतेन** = फिर, **नथी** = नहीं, **बताड़ो** = बताऊँ।

खेत में मटर बोये, पर उगी दूर–दूर। आओ तुम्हें बिंदिया लगा दूँ। आओ तुम्हें झूमके पहना दूँ। अरे ओ चतुर पनहारिन! थोड़ी पास तो आओ।

घाटो चोहढ़ी ने पार जामू वल्ली रूमली
घाटो चोहढ़ी ने पार जासू रे लोल।
डडाळ्यो बोकड़ो ने बारवाटी रो दारूड़ो
ओ मारी लई ओ, अंद्यारी रात नो छाक्यो रे लोल।
निंडाइलो बोकड़ो ने महुड़ा नो दारूड़ो
ओ मारी लई ओ, अंद्यारी रात नो छाक्यो रे लोल।
खाता–पीता ना पार जासू वल्ली रूमली
ओ मारी लई ओ, अंद्यारी रात नो छाक्यो रे लोल।।

शब्दार्थ : डडाळ्यो = दाढ़ी वाला, **अंद्यारी** = अंधेरी, **दारुड़ो** = दारु, **चोहढ़ी** = चढ़कर, **महुड़ा** = महुआ।

घाट चढ़कर उसके पास जायेंगे। दाढ़ी वाला बकरा खायेंगे। मन भरकर दारु पीयेंगे। अंधेरी रात में दारु का नशा चढ़ गया। खाते– पीते उस ओर जायेंगे।

बणजारा कावेरी रूमाल रे मामा–भाणिज
ये जोड़ी पोरदेशी आई रे लोल।
जे जोड़ी तारे ती नी टूटे रे मामा–भाणिज
जे जोड़ी तारे ती नी टूटे रे लोल।
जे जोड़ी कळाली मा आई रे मामा–भाणिज
वणजारा कावेरी रूमाल रे मामा–भाणिज।
जे जोड़ी मांदळ पोर छमू–छू नाचे
जे जोड़ी मांदळ पोर नाचे रे लोल।
जे जोड़ी घेर पोछी आवी रे मामा–भाणिज
जे जोड़ी घेर पोछी आवी रे लोल।।

शब्दार्थ : **बणजारा** = बंजारा।

हे बंजारे भाई! मामा–भान्जे की जोड़ी देखिये। ये जोड़ी कभी नहीं टूटेगी। ये जोड़ी कलारी में आयी। ये जोड़ी मांदल पर नाचती है।

आंबानी डाळ धोरी न दड़पी दऊं
ओ नानी डोगायजी मती ओ।
बोले ते बोलवा भारी ओ
ओ नानी डुळा मटकाड़े ओ।
सोन्डवा नू भगुरया बताड़ो ओ
ओ नानी डोगायजी मती ओ।

गलती ते मारा ती हुई गुई
ओ नानी डोगायजी मती ओ।
डडाळ्यो बुकड़ो नी खाओ मैं
ओ भाया पेटज फूगे रे।।

शब्दार्थ : **डाळ** = डाली, **डोगायजी** = रुष्ट।

आम की डाली को दबा दूँ। अरे ओ लड़की! तुम नाराज मत होना। तुम इस तरह आँखें क्यों मटका रही हो। गलती तो मुझसे हो गयी, पर तुम रुठना मत। तुझे सोन्डवा का भगोरिया दिखाऊँगा। दाढ़ी वाला बकरा भी खिलाऊँगा। तुम रूठना मत।

काळी चिड़ी तू घणी नोखराली ओ
काळी चिड़ी तू नजर नी आई ओ।
नानी तारी ओड़नी सुहानी ओ
काळी चिड़ी तू घणी नोखराली ओ।
नानी थारी नोथणी सुहाणी ओ
काळी चिड़ी तू घणी नोखराली ओ।।

काली चिड़ियाँ तुम बहुत नखरे दिखाती हो। तुम्हारी ओड़नी बहुत सुहानी है। तुम्हारी नथनी भी सुहानी है।

ऊँची पिपरी नीची डाळे, पपीरा खाणे रड़े ओ
आयणी तर्हो डाहलो लाडो, पीपरा खाणे रड़े ओ।।

शब्दार्थ : **नीची** = नीचे, **ड़ाळे** = डाली, **खाणे** = खाने, **डाहलो** = वृद्ध।

पिपरी का पेड़ बहुत ऊँचा है। उसकी डालियाँ बहुत नीचे हैं। समधन तुम्हारा वृद्ध पति पिपरी खाने को रो रहा है।

मारो उंडो कुओं ओ माई साकड़ो घणो
मैं ते डालचो न्हाखो ते खखड़े घणो।।

शब्दार्थ : **मारो** = मेरा, **उंडो** = गहरा, **साकड़ो** = सँकरा, **डालचो** = बाल्टी, **खखड़े** = बजती है।

मेरा कुआँ गहरा है, पर बहुत सकरा है। जब बाल्टी डाली जाती है तो बहुत बजता है।

बोइड़ी पोर बोरी ने रांड, खाड़ा मा बोरा खावेली
दिसरा गाँव नी रान्डे, भाया ने रवा करी आवेली।।

शब्दार्थ : **बोइड़ी** = पहाड़ी, **बोरी** = बेर, **खाड़ा** = गड्ढा, **खावेली** = आना।

पहाड़ी पर बेर का पेड़ है, पर वह लड़की गड्ढा में बेर के फल खाने आयी थी। वो तो मेरे भाई के घर रहने को कह रही है।

केसवड्या ना फूल ती बइड़ो फूलई गुयु ओय
अगळ–पछल खिसली पोड़ी छेवड़ो छिलई गुयु ओय।।

शब्दार्थ : **केसवड्या** = केसर, **बइड़ो** = पहाड़, **फूलई** = खिलना, **गुयु** = गया, **अगळ** = आगे, **पछळ** = पीछे, **खिसली** = फिसलना।

पलाश के फूलों से पहाड़ खिल गया है। आगे–पीछे फिसल गया तो मेरी कमर छिल गयी।

लीलो–पेळो पांगरो रंगली गोफन सर सुदा नो फुन्दो
मारो गोफन गोळो ते हो्या नो टोळो।।

शब्दार्थ : **गोफन** = पत्थर फेंकने की रस्सी, **गोळो** = गोल पत्थर, **हो्या** = पंछी।

मेरी गोफन नीली–पीली है और उसका फुंदा भी सुन्दर है। मेरी गोफन का पत्थर गोल है, जो पंछियों की टोली पर गिरेगा।

नाचणे–कूदणे घन टाटी
कामे कोहे हुमड़ो चढ़ाई ले दी ओ।।

शब्दार्थ : नाचणे = नाचना–नाचने–कूदने को कहो तो सबसे पहले आ जाती हैं और काम का कहो तो मुँह बनाती है।

मारो गीते गाय लेदी ओ
मारी लाड़ी बणे की निहीं ओ।।

शब्दार्थ : मारो = मेरा, **लेदी** = लिया, **मारी** = मेरी, **लाड़ी** = पत्नी।

मेरा गीत गा लिया तो अब मेरी पत्नी बन जाओ।

फूंदा वाळी धोंधली मारी पीपरी ने छिदें चिरलो मारो
असु आमरो 'आठवा' वाळो नो नामे ओ।।

शब्दार्थ : धोंधली = धनुष, **चिरलो** = पंछी।

फुंदे वाली धनुष है मेरी। मैं इस धनुष से पंछियों को मार सकता हूँ। ऐसा हमारा गाँव है।

आरछा वाळो कुओ मारो
फूंदा वाळी बाल्टी ती पाणी लाओ।।

शब्दार्थ : आरछा = दर्पण, **वाळो** = वाला, **लाओ** = लाना।

दर्पण वाला मेरा कुआँ है। फूँदे वाली बाल्टी से पानी लाता हूँ।

हिना गाँवो नो समड़ो साकड़ो रे लोल
विक्रम भाई नी गाड़ी भड़कती जाय।।

शब्दार्थ : साकड़ो = सँकरा, **भड़कती** = बजना।

इस गाँव का मार्ग बहुत सँकरा है। विक्रमभाई की गाड़ी बजती–बजती जाती है।

खेड़ो ओ चणा नू खेत
वेरो ओ गेहूँ ना बीज
ड्रिरे लिलेरियो वेलो।।

शब्दार्थ : खेड़ो = खेत में जुताई, **वेरो** = बुआई।

खेत में जुताई कीजिए और गेहूँ के बीजों की बुआई कीजिए।

खिणी–खिणी घूघरा वागे
काँ गुताड़ी आई ओ तारी आई ओ ड्रिक।
मारो भायो हेरने गुयु
कुणज्या मा डुकाई रोहली तारी आई ओ ड्रिक।।

शब्दार्थ : गुताड़ी = उलझाना, **हेरने** = ढुँढने, **डुकाई** = छुपना, **कुणज्या** = बकरियों का स्थान।

खन–खन घुँघरू बज रहे हैं। इन्हें कहाँ उलझा आई। जब मेरा भाई तुम्हें ढुँढने गया तो तुम कहाँ छुप गयी थी?

नाचणे मारो कइड़ो मन ओ
घूघरा मारा पेटी मा रोही गुया ओ
नी माने ते मा मान ओ
भाळना वाळी ना डुळा मा काकेरा ओ।।

शब्दार्थ : नाचणे = नाचना, **मारो** = मेरा, **कइड़ो** = कठोर, **रोही** = रहना।

मेरा मन नाचने के लिए उत्सुक है, पर क्या करुँ? मेरे घूँघरे पेटी में रह गये हैं। नहीं मानो तो मत मानो। देखने वालों की आँखों में कंकरिया।

खान्धे धोरिया भोळो–भोळो

सणबुरिया मा सुधी वाटे पाड़ो ओ।
नी माने ते पूछी ले ओहणी
मारो आरछा वाळो घेर ओ।।

शब्दार्थ : सणबुरिया = सराबोर, **आरछा** = दर्पण।

कंधे पर धरिया रखा हुआ है। मेरा घर दर्पण जैसा है। नहीं मानो तो मत मानो, मेरा घर दर्पण वाला है।

आंबा रे तारी वाकी डाळ, लीमड़ा रे तारा फूला रे
फूलका डगळ वाळा हामू 'राठ' ना जुवाण्या।
जो भाळे चाँ झिकर्या दगड़ा, जाँ भाळे चाँ पलास्या
आड़ी ओ टेड़ी काई भाळे ओ दूर नी नजर भळाणो ।
वाट पोर खाटली पाड़ी, गाड़ीवालो आयो रे
गाड़ी वाळो बीही गुयु, मैं नी बीहणे वाळी रे।।

शब्दार्थ : वाकी = बाँकी, **लीमड़ा** = नीम, **झिकर्या** = चकमक, **पलास्या** = पलाश।

आम की डालियाँ बाँकी हैं। नीम के ऊपर फूल हैं। हमारे कमीच पर फूल बने हैं। हम राठ क्षेत्र के रहने वाले हैं। तिरछी दृष्टि से क्या देखती हो? मैंने रास्ते पर खटिया रख दी। गाड़ी वाला आया तो डर गया, पर मैं जरा भी नहीं डरा।

टीकी मारी टीकी भळाए ओ,
टीकी रोहोय गुई पोलांग पोर,
आयणी मारी आयणी भळाए हो,
आयणी मारी रोहोय गुई पोलांग पोर।।

शब्दार्थ : टीकी = बिन्दिया, **रोहोय** = रहना।

मेरी बिन्दिया बहुत दूर रह गयी। समधन तुमने देखी है क्या?

ऊँचो कोधो टेमरो,
टमाटेरियो बोईडो रोंगाई रोलो,
नी माने ते मा माने
टमाटेरियो बाईडो रोंगाई रोलो
हसा हमरो नाव रे भाया,
हसो उबेलेडिया ने नावे।।

शब्दार्थ : टेमरो = टेमरु, **टमाटेरियो** = टमाटर।

टेमरु का पेड़ बहुत ऊँचा है। टमाटर से पहाड़ रंगीन दिख रहा है।

रिझो काटो बुकड़ी चोरे,
डेगो काटो आहेणी नू जमाड़ो
नी माने ते मा माने
डेगो काटो आहेणी नू जमाड़ो।।

शब्दार्थ : बुकड़ी = बकरी, **जमाड़ो** = मारना।

बबूल का पेड़ काटकर पत्तियाँ बकरी को खिलाऊँ। लकड़ी काटूँ जिससे समधन को मारुँ।

आहेणी ते सुई गुई
जाम्बू तले ओ राई
केनदेरियो ओ झोला में
जाम्बू तले ओ राई।।

शब्दार्थ : सुई = साना, **जाम्बू** = जामुन।

समधन तो जामुन तले सो गयी है। उसे यहाँ पर सोना अच्छा लगता है।

बोईड़ी पोर रायणी चुपी,
जाय घुणी ओ रायणा खाणे
कोहड्याम धोरिन मोसकी देसे,
जाय घुणी ओ रायणा खाणे।।

शब्दार्थ : रायणी = खिरनी, **मोसकी** = मसलना।

पहाड़ी पर खिरनी का पेड़ है। वहाँ खिरनी खाने मत जाना, नहीं तो वहाँ से उठा लिया जायेगा।

वाटे पोर वासेणी,
तेरे पोछोल तेहरे बिलखी छुड़ो ओ
अगळ–पछळ होजी मती,
धोंधली मारी वारू।।

शब्दार्थ : अगळ = आगे, **पछळ** = पीछे, **धोंधली** = धनुष।

रास्ते पर बाँस हैं। आगे–पीछे मत होना, क्योंकि मेरा धनुष बहुत अच्छा है।

भंगरियो भाळणे पोयश्या आपला,
आहेणी काहा रोड़े ओ
आहेणी काहे रोड़े ओ
मारू जीवड़ो डोहे ओ।।

शब्दार्थ : भंगरियो = भगोरिया, **भाळणे** = देखने, **पोयश्या** = पैसे।

भगोरिया देखने के लिए पैसे दे दिये, फिर क्यों रो रही हो? तुम रोती हो तो मुझे दुःख होता है।

नहदी धोड़े रोहणो छे,
नहदी धोड़े रोहणो छे,

केकड़ो डरावे बीही लागे
ओ काय ओ काय।।

शब्दार्थ : नहदी = नदी, **धोड़े** = पास में, **केकड़ो** = केकड़ा, **बीही** = डर।

नदी के पास रहना है। केकड़े बहुत डराते हैं ।

बोयड़ा धोड़े रोहणो छे,
बयड़ा धोड़े रोहरणो छे,
नहार बीहाड़े बीही लागे ओ,
काय ओ काय।।

शब्दार्थ : नहार = सिंह, **बीहाड़े** = डराता है।

पहाड़ के पास रहना है। सिंह डराता है तो क्या करें?

दाथेली लावी ने
रिन्झो काटे रे नानुड़ा,
वारू–वारू पाठेड़ी
बोकारीले रे नानुड़ा
ढाहेली भाली ने
धोको मारी दे रे नानुड़ा।।

शब्दार्थ : दाथेली = दराता, **रिन्झो** = बबूल।

दरांता लाकर बबूल काटना है। अच्छी–अच्छी डालियों को काट लो।

शकर लिमेड़ी ओ
लिमड़ी लोहरा ले,
आहणी मोटेकाली ओ

लाडो हेरी रोय।।

शब्दार्थ : शकर लिमेड़ी = नारंगी, **मोटेकाली** = मटकना।

नारंगी का पेड़ लहरा रहा है। लड़की मटक रही है। पति ढूँढ रहा है।

पाँचे ओ रूपया नी
लेधी ओ घूघेरी
आहेणी तारा ओ कोहड़िया मा
खेलो ओ घूघेरी
भाया धिरो रे मोसोक
बागे ओ घूघेरी।।

शब्दार्थ : लेधी = लेना, **कोहड़िया** = बाँह।

पाँच रुपये की घूघरी ली। लड़की तेरी बाँहों में घूघरी बज रही है।

जुनला गीते नी गाओ,
नोवला गीते फुरू–फुरू आवे
नी माने मा माने
नोवला गीते फुरू–फुरू आवे।।

शब्दार्थ : जुनला = पुराने, **नवला** = नये।

पुराने गीत मत गाओ। नये गीत तो बहुत शीघ्र आते हैं ।

आरसियो नाखों भगलो नाखों
जा भाळे चां लाल टीकीवाळी,
नी माने ते मा माने
जा भाळे चां लाल टीकीवाळी।।

शब्दार्थ : आरसियो = दर्पण, **भगलो** = दर्पण का प्रकाश, **नाखों** = डालना, **टीकीवाळी** = बिन्दिया वाली।

दर्पण का प्रकाश जहाँ–जहाँ डालता हूँ, वहाँ–वहाँ लाल बिन्दिया वाली दिखती है।

सागे ने सुटो
ऊरो नी डोले ने पोरो डोले,
आहेणी रान्ड
ऊरो नी भाळे ने पोरो भाळै।।

शब्दार्थ : सागे = सागवान, **ऊरो** = इधर, **पोरो** = उधर।

सागवान का पेड़ इधर नहीं डोलता, उधर डोलता है। लड़की इधर नहीं देखती और उधर देखती है।

विवाहिक गीत

नीळो हुर्‌यो नीळठा मा ने,
पेळो हुर्‌यो पांजरा मा बुले ओ।।

शब्दार्थ : नीळो = हरा, **हुर्‌यो** = तोता।

हरा तोता हरियाली में और पीला तोता पिंजरे में बोलता है।

पेला बोवल्या ओदावजी,
तेरे पछल पावर काजे ओदावजी।।

शब्दार्थ : पेला = पहले, **बोवल्या** = बैल, **पावर** = नौकर।

पहले बैलों का पूजन करना, उसके बाद गाड़ीवान का पूजन करना।

बैल खाये खिचड़ी ने
पावर चावे नाडो।

शब्दार्थ : खाये = खाना, **पावर** = नौकर, **चावे** = चबाना, **नाडो** = रस्सी।

बैलों को खिचड़ी खिलाना। बैल खिचड़ी खाते हैं। गाड़ीवान तो रस्सी चबाता है। उसे खिचड़ी मत खिलाना।

आखी नदी नू वेलठो लायो
तारा लाकड़ा मेलों
आखा बोजारे नू खिपरा लायो
तारा लाकड़ा मेलों।

शब्दार्थ : वेलठो = रेत, **आखा** = पूरे, **तारा** = तेरा, **खिपरा** = खोटे पैसे।

पूरी नदी की रेत ले आये हो। पूरे बाजार के खोटे सिक्के ले आये हो।

बनी नू भाई बोठो रे
जाणो वाणिलो बोठो ओ
लाडा नू भाई बोठो रे
जाणो माकड़्यो बोठो ओ।।

शब्दार्थ : वाणिलो = बनिया, **बोठो** = बैठा, **माकड्या** = बंदर, **जाणो** = जानना।

लाड़ी का भाई बैठा है, पर ऐसे लग रहा है कि बनिया का बेटा हो। वहीं लाड़े का भाई बैठा है, पर ऐसे लग रहा है जैसे बंदर बैठा हो।

नेचे मा भाळे रे डेढ्या
धरती मारी वाणिंगली
ऊँचो मा भाळे रे डेढ्या
सारिग मारो वाणिंगलो।।

शब्दार्थ : नेचे = नीचे, **भाळे** = देखना, **सरिग** = स्वर्ग।

नीचे मत देखो, मेरी धरती बहुत अच्छी है। ऊपर मत देखो, मेरा आकाश बहुत अच्छा है। ये गंदे हो सकते हैं, तुम्हारे देखने से।

सांझा तारी बायरी क
डेंडळो ली जाय
सळ–सळ करतो,
खुदरे ली जाय।
सांझा तारी बायरी क
उंदरो ली जाय
खिड़ी–खिडी करतो,
बमड़े ली जाय।।

शब्दार्थ : बायरी = महिला, **डेंडळो** = डूँडा, **खुदरे** = नाला, **उंदरे तारी** = तेरी।

सांझा तेरी स्त्री को डूँडा नाले पर ले जाये। तुम्हारी महिला को चूहा मंगरे पर ले जाये।

डान्डे–डान्डे उतर ओ
छाईछुन्दरी
रमस्या नी मूँछ कतर ओ
छाईछुन्दरी।।

शब्दार्थ : छाईछुन्दरी = छछून्दर, **कतर** = कुतरना, **रमस्या** = रमेश।

अरे ओ छछून्दर! तुम लकड़ियों से उतरकर नीचे आओ और रमेश की मूँछों को कुतरो।

साझां तारी पावळी
तिरी–विरी वाजे
पावळी गुई फूटी
ने होठ गुया टूटी ने

मेल दऊं तारा लाकड़ा,
रोखड़ो उड़ी जासे।
डोळा तारा फुटला ने
कान तारा टुटला ने
मेल दऊं तारा लाकड़ा,
रोखड़ो उड़ी जासे।।

शब्दार्थ : पावली = बाँसुरी, **तिरी विरी** = बेसुरी, **मेल दऊं** = रख दूँ, **रोखड़ो** = राख।

सांझा तुम्हारी बाँसुरी बेसुरी बज रही है। बाँसुरी फूट चुकी है और होंठ टूट गया है। तेरी आँखें फूटी हैं और कान टूटे हुए हैं।

तारहो माटी दिनेश
धवळ्या धुरी मंगाड्यो
खांड्यो–मेन्ड्यो
काह लायु।
तार्हो माटी दिनेश
चाऊल मंगाड्यो
टेमरा काह लायु ।
तार्हो माटी दिनेश
घींवे मंगाड्यो
तेले काह लायु।।

शब्दार्थ : धवळ्या धुरी = सफेद जोड़ी, **खान्ड्यो मेन्ड्यो** = उबड़ खाबड़, **चाऊल** = चावल, **घींवे** = घी।

दिनेश तुमको कहा था कि अच्छे बैल लाना, पर तुम उटपटांग बैल ले आये। तुम्हें कहा था कि चावल लाना, पर तुम टेमरु ले आये। तुम्हें कहा था कि घी लाना, तो तुम तेल ले आये।

बोठो इहाई बोठो,
कुसेली ताती कोरो
याही तारे.....,
ठेलो वाळदी कराड़ो।।

शब्दार्थ : बोठो = बैठिये, **कुसेली** = कुसला, **ताती** = गरम।

बैठो समधी, अभी लोहा गरम करते हैं और तुम्हें निशानी लगाते हैं।

बोठी जाओ रे बाठी जाओ,
कालगा हिजड़ा ने गधड़ा
गडो–गडो आइज्या,
भाया न साळा हिजड़ा ने गधड़ा
माकड्यो तोसा भाळे,
भाया न साळा हिजड़ा ने गधड़ा
कुतरा तोसा लागे,
भाया न साळा हिजड़ा ने गधड़ा।।

शब्दार्थ : माकड्या = बंदर, **तोसा** = जैये, **गधड़ा** = गधे।

बैठ जाओ गधों। भीड़ लेकर आ गये गधे। बंदर के समान लग रहे हैं। मेरे भाई के साले! कुत्ते के समान तो दिखते हो।

काचा रे सूते न
जाळे विणाड़ो रे डेढ्या
नी विणे ते लाते
जमाड़ो रे डेढ्या।
ऊंडा रे तालाब मा

माछली पकड़ाड़ो रे डेढ्या
नी रे पोकड़े ते लाते
जमाड़ो रे डेढ्या।।

शब्दार्थ : काचा = कच्चे, **सूते** = धागा, **जाळे** = जाल, **ऊंडा** = गहरा, **लाते** = पैर, **माछली** = मछली।

कच्चे सूत की जाल बनवानी पड़ेगी। नहीं बनाये तो लात मारनी पड़ेगी। गहरे तालाब में मछली पकड़वानी पड़ेगी। नहीं पकड़े तो लात जमानी पड़ेगी।

एक नेवतो देजे
गुणेसा घोरे
ते गणपति बाबो आवसे।
एक नेवतो देजे
महादेव घोरे
ते महादेव बाबो आवसे।
एक नेवतो देजे
खेड़ादेती घोरे
ते गंगा ने गवरा आवसे।
एक नेवतो देजे
थानक घोरे
ते रूळी बाबा देव आवसे।
एक नेवतो देजे
सबुन घोरे
ते चुकता मांडसे आवसे।।

शब्दार्थ : नेवतो = निमंत्रण, **गवरा** = पार्वती, **थानक** = स्थानक, चुकता = सब।

एक निमंत्रण गणपति जी के घर देना, ताकि गणपति जी आयेंगे। एक निमंत्रण महादेव जी के घर देना, ताकि महादेव जी आयेंगे। एक निमंत्रण खेड़ादेती के घर देना, ताकि गंगा और गवरा आयेंगी। एक निमंत्रण देना स्थानक पर, ताकि रुळी बाबा भी आ रुकें।

आखो हरियाळी डुंगर,
काली कोयल बुले बेना
आवसे तारा फूवा नी जुड़ी,
सरम्यो कागद भेजो बेना।
आखो हरियाळी डुंगर,
काली कोयल बुले बेना
आवसे तारा मामानी जुड़ी,
सरम्यो कागद भेजो बेना।
आखो हरियाळी डुंगर,
काली कोयल बुले बेना
आवसे तारा माउसा नी जुड़ी,
सरम्यों कागद भेजो बेना।
आखो हरियाळी डुंगर,
काली कोयल बुले बेना
आवसे तारी बोणसी जुड़ी,
सरम्यों कागद भेजो बेना।।

शब्दार्थ : आखो = सम्पूर्ण, **डुगर** = पहाड, **आवसे** = आयेंगे, **फूवा** = फूफा, **बोणसी** = बहन।

हरे–भरे पहाड़ में काली कोयल बोल रही है। तुम्हारे फूफा की जोड़ी विवाह में आयेगी, तुम निमंत्रण–पत्र भेजो। तुम्हारे मामा की

जोड़ी भी आयेगी, उन्हें भी निमंत्रण–पत्र भेजो। तुम्हारे मौसा जी की जोड़ी भी आयेगी, उन्हें भी पत्र भेजो। तुम्हारे जीजाजी और जीजी भी आयेंगे, उन्हें भी निमंत्रण–पत्र भेजो।

हळदी पिसाये ओ
हळदुली राजा ओ
हळदी ते घट्टी मा पिसाये
हळदुली राजा ओ।।

हल्दी को तोला जाता है। हल्दी को पीसा जाता है।

आधो किलो हळदी ने
आधो किलो मेहन्दी
ताकड़े तुलाये बेना,
ताकड़े तुलाये।।

शब्दार्थ : ताकड़े = तराजू।

आधा किलो हल्दी और आधा किलो मेहन्दी विवाह में लाये हैं। ये हल्दी और मेहन्दी वर को लगायेंगे। देखिये, सब खुश होकर तौल रहे है।

मालवे ती हळदी ते बुलाई,
पुड़ी बोधाई,
मालवे ती हळदी बुलाई,
ताकड़ी तुलाई।
मालवे ती हळदी बुलाई,
घट्ये पिसाई।
मालवे ती हळदी बुलाई,

वाटके घुळाई।।

शब्दार्थ : घट्ये = घट्टी, **ताकड़ी** = तराजू।

मालवा से हल्दी बुलायी है, जिसे पुड़िया में बाँधकर लाये हैं। उस हल्दी को तराजू में प्रसन्नता से तोला भी गया। फिर उस हल्दी को घट्टी में पीसा। उसके बाद कटोरे में घोला गया, ताकि वर को लगा सकें।

आयणी चोके पाड़े
हेटे तारा गिणे।।

शब्दार्थ : आयणी = समधन, **चोके** = स्वस्तिक, **हेटे** = निचे, **गिणे** = गिनना।

समधन नीचे स्वस्तिक चिन्ह बनाती है और तारे भी गिनती है।

उरकेड़े जीरो वायो रान्डे
वारू कोरी रोही ओ।।

शब्दार्थ : उरकेड़े = कूड़ा, **कोरी** = करना।

कूड़े–कर्कट में जीरे की बुआई की गयी । कितना अच्छा काम किया गया है।

उरकेड़े धाने वायो रान्डे
वारू कोरी रोही ओ।।

कूड़े–कर्कट में धान की बुआई की गयी, कितना अच्छा काम किया गया है।

नीळी–नीळी डोळाटी
चराओ बोचेरे

बोचेरी के पाणीला
पिलाओ बोचेरे।।

हरी–भरी घास खिलाओ। घास खिलाने के बाद पानी पिलाइये।

बेनांगे कुणे कोह्यो ने
गोदड़िये बोठो नाहेला बेना
बेनांगे कुणे कोह्ये ने
गोदड़िये बोठो नाहेला बेना
बेनांगे बासे कोह्यो ने
गोदड़िये बोठो नाहेला बेना
बेनांगे भाई कोह्यो ने
गोदड़िये बोठो नाहेला बेना
बेनांगे कुणे कोह्यो ने
गोदड़िये बोठो नाहेला बेना
बेनांगे काको कोह्यो ने
गोदड़िये बोठो नाहेला बेना।।

शब्दार्थ : बेनांगे = वर को, **कोह्यो** = कहा, **गोदड़िये** = गोदड़ी, **नाहेला** = नूतन।

वर को किसने कहा जो वह गोदड़ी पर बैठा। वर को उसके पिता ने कहा और वह विवाह के लिए राजी हुआ। उसके भाई ने कहा और वह विवाह के लिए गोदड़ी पर बैठा। वर को उसके काका ने कहा और वह तैयार हुआ।

बेनीगे कुणे कोह्यो ने
गोदड़िये बोठी नाहेली बेनी
बेनीगे भाई कोह्यो ने

गोदड़िये बोठी नाहेली बेनी
बेनीगे कुणे कोह्यो ने
गोदड़िये बोठी नाहेली बेनी
बेनीगे बासे कोह्यो ने
गोदड़िये बोठी नाहेली बेनी।।

वधु को उसके भाई ने विवाह की अनुमाति दी। वधू को उसके पिता ने विवाह के लिए राजी किया।

तेले पीठी चवेरी रे
गोरा बेना
आयणी रान्डे खाई गुई
छाबो भोरी पापड़े रे।।

शब्दार्थ : तेले = तेल, **पीठी** = मलने की वस्तु, **पापड़े** = पापड़।

हमारा वर बहुत सुन्दर है। बहुत गोरा है। तेल और पीठी उसके शरीर पर लगायेंगे। समधन को देखो तो पापड़ खा गयी।

ताम्बा नो हान्डो
ततलो मेक्यो पाणी
उंघळणे बोठो ओ
लाटेकलो बेनो।।

शब्दार्थ : हान्डो = पानी का पात्र, **ततलो** = गर्म, **मेक्यो** = रखा, **उंघळणे** = स्नान, **लाटेकलो** = प्रिय।

ताम्बे का पात्र है, जिसमें गर्म पानी है। हमारा प्यारा वर स्नान करने के लिए बैठा है।

हामू कुकड़ी नी खाता,
हामू बुकड़ी नी खाता
हामू नहदी धोड़े
बामण्या बोण्या रे लोल
हामू बोठी भोरी दारू
ली लेसू रे लोल।।

शब्दार्थ : हामू = हम, **कुकड़ी** = मुर्गी, **बुकड़ी** = बकरी, **नहदी** = नदी, **बामण्या** = ब्राम्हण, **दारु** = मदिरा, **लेसू** = लेना।

हम मुर्गी नहीं खाते। हम लोग बकरी भी नहीं खाते। हम लोग नदी किनारे के ब्राम्हण बन गये हैं। हम तो केवल दारु लेते हैं।

हामू कुकड़ी नी खाता
हामू बुकड़ी नी खाता
हामू नहदी धोड़े
बामण्या बोण्या रे लोल
जो ते कालगो दिनेश
ठगोरो ठोगी लेदो रे लोल।।

हम लोग मुर्गी और बकरी कुछ भी नहीं खाते। हम लोग शाकाहारी बन गये। ये जो दिनेश है, इसने हमें ठग लिया है।

दिनेश ने कोह्यो ने
दसु नागेड़ो दवड़्यो,
निहीं मान्यों ने
चुखा खाणे दवड़्यो।।

शब्दार्थ : कोह्यो = कहा, **दवड़्यो** = दौड़ा, **चुखा** = चावल, **खाणे** = खाने।

दिनेश ने कहा और सारी गड़बड़ हुई। वो नहीं माना और चावल खाने दौड़ा।

खेड़ी–खेड़ी काई
रेते कोर्‌या
जड़ी गुयो
मेहन्दी नू बीज
हाते रोंग्या
ने पाँय रोंग्य
रंग चुवे।।

शब्दार्थ : खेड़ी–खेड़ी = खेती करना, **रेते** = रेत, **जड़ी** = मिलना, **हाते** = हाथ, **रोग्या** = रंगे।

हमने इस प्रकार खेती की कि माटी को ठीक प्रकार से बारीक किया। वहाँ मेहन्दी के बीज बोये। मेहन्दी अच्छी फली– फूली और हमने उस मेहन्दी से हाथ–पैर रंगे।

काळी–काळी वाजळी
दुनिया भाळे
मारो बेनो भणेलो
चुपड़ी वाचे।।

शब्दार्थ : वाजळी = बदली, **भणेलो** = पढा–लिखा, **चुपड़ी** = पुस्तक।

काली–काली बदली को सारी दुनिया देखती है। मेरा बना पढ़ा–लिखा है, देखो वह पुस्तक पढ़ता है।

लम्बी वाट चली
जाजी रे गोरा बेना

काळका मन्दिर मा,
मन्दिर में जाजी
ने सेवा कोरजी,
माता–पिता की सेवा
कोरे रे गोरा बेना,
काळका मंदिर मा।।

वर जी आप रास्ते से एकदम आगे चले जाना। आगे कालका देवी का मंदिर है। मंदिर में जाकर कालका माताजी की सेवा करना।

बेनांगे मामो आइयो
ने काई लाइयो,
बेनांगे मामो आइयो
ने ढोलगिया–फेफरिया लाइयो।।

शब्दार्थ : आईयो = आया, **लाइयो** = लाया।

वर के मामा आये, पर लाये क्या। ढोलगिया–फेफरिया लाये।

खेड़े–खेड़े जीरो वायो रान्डे
झाझो फिरी रोई ओ,
भरता ने भरता ने डोली पोढ़िया
हामू गोतिड़ो भरवा आया ओ।।

खेती की और जीरे का उत्पादन किया, राई की खेती भी ठीक हुई। हम लोग गोतिड़ा के लिए पानी लेने आये। इस पानी में सत आया और सिर डोलने लगा।

वइरा घर नी हाळदी,
गोरा बेना नू चोळसो

उन्डे कुवे नू कादेवड़ो,
काळी लाड़ी नू चोळसो।
वइरा घर नू तेल ओ,
गोरा बेना नू चोळसो
गाड़ी नू काळसो,
काळी लाड़ी नू चोळसो।।

शब्दार्थ : वइरा = बोहरा, **उन्डे** = गहरा, **कादेवड़ो** = कीचड़, **काळसो** = काला पदार्थ।

बोहरे के घर से हल्दी लाये जो गोरे वर को लगायेंगे। गहरे कुएँ से कीचड़ लाये जो काली वधू को लगायेंगे। बोहरे के घर से तेल लाये हैं, जो वर को लगायेंगे। गाड़ी का काला पदार्थ वधू को लगायेंगे।

बेनांगे कुणे
सिनगारियो ओ
बेनांगे पटलिया
सिनगारियो ओ।।

शब्दार्थ : कुणे = किसने, **सिनगारियो** = सिंगार किया, **पटलियो** = पटेल।

वर का सिंगार किसने किया। वर का सिंगार गाँव के पटेल ने किया।

पगा बाँधों रे बेना
टिलक कुण सवारसे
टिलक गुण सवारसे,
टिलक भाई सवारसे।
पगा बाँधों रे बेना

टिलक कुण सवारसे
टिलक गुण सवारसे,
टिलक काको सवारसे।।

शब्दार्थ : पगा = पगड़ी, **टिलक** = तिलक।

पगड़ी बाँध लो वर जी, तुम्हें तुम्हारे भाई तिलक लगायेंगे। तुम्हारे काका भी तिलक लगायेंगे।

बेना बाबो आवे ते
आड़ी जाजो रे
बेना सव आपे ते
छोड़ी देजो रे ।
बेना दस आपे ते
ओड़ी जाजो रे
बेना सव आपे ते
छोड़ी देजो रे।।

वर जी तुम्हारे ताऊजी आये तो तुम जिद करना और सौ रुपये भेंट स्वरूप दें तो जिद छोड़ना। दस रुपये में समझाने का प्रयत्न करेंगे, पर तुम जिद करना। सौ रुपये लेकर ही दम लेना।

मारी रंग रूपाली धोंधली ओ
चवर्‌यो रोमा चोट,
आयणी ढाज्यी ममार ढाज्यी ओ
चवर्‌यो रोमा चोट।।

शब्दार्थ : **मारी** = मेरी, **रूपाली** = रूपवाली, **धोधली** = धनुष, **ढाज्यी** = भागना, **ममार** = शीघ्र।

मेरा धनुष बहुत सुन्दर है। चवरी में नृत्य करना चाहिए। मेरा नृत्य देखकर समधन भाग गयी।

नाचणे मारो
कइड़ो मन ओ
घूघरा मारा
पेटी मा रोही गुया ओ।
नी माने ते
मा माने ओ
भाळना वाळी ना
डुळा मा काकेरी ओ।।

शब्दार्थ : नाचणे = नाचना, **कइड़ो** = पक्का।

नाचने के लिए मेरा मन पक्का है, क्या करुँ मेरे घूघरे पेटी में रह गये हैं। तुम चाहे मत मानो। देखने वाली की आँखों में किरकिरा।

सारो घरबार बास काजे
आप्यो बेना जी
ताळो दियो ने
कुची हाथ मा बेना जी
भाईस छोड़्यो ने
भोजाई साथे मा बेना जी,
सारो घरबार बास
काजे आप्यो बेना जी,
ताळो दियो ने
कुची हाथ मा बेना जी।।

शब्दार्थ : सारो = घर, **घरबार** = घर, **बास** = पिता, **आप्यो** = दिया, **कुची** = चाबी।

हमने तो सारा घर–परिवार पिता जी को सौंप दिया है। घर में ताला लगा दिया और चाबी हाथ में दे दी।

चाली–चाली ने
मारा बगुल्या दुखे
रोही गुयो गुड़ो,
कनवाड़े कतरेक दूर।।

शब्दार्थ : रोही = रहना, **कतरेक** = कितनी।

पैदल चल– चलकर हमें दर्द होने लगा है। गुड़ा और करवाड़ा गाँव और कितनी दूर है।

ऊपर ती थोड़ा भाळो
धामनोद नी गाड़ी आई रोही
धामनोद नी गाड़ी आई रोही,
भाई री जोड़ी आई रोही
भाई री जोड़ी आई रोही,
बोणिस नू जोड़ी आई रोही।।

देखिये, धामनोद से गाडी आ रही है। भाई की जोड़ी आ रही है।

लीमड़ा ने साहला मा बठो रे
मारो प्यारो बेनो,
पीपळा ने साहला मा बठो रे
मारो प्यारो बेना।।

नीम के छाँव में वर बैठा हुआ है। पीपल की छाया भी उसे अच्छी लगती है।

बेनाने कवळी ऊमर
तुसे काई भाळो रे

लाड़ी नी गडली ऊमर
तुसे काई भाळो रे।।

शब्दार्थ : कवळी = कोमल, **गडली** = बहुत आयु।

वर की अवस्था बहुत कम है, तुम उसे क्या देख रही हो । लाड़ी की अवस्था बहुत है।

तारे ठुकण्या माटी ने
माण्डवो ओ माण्डवे आई
तारे ठुकण्या माटी ने
माण्डवो ओ माण्डवे आई।।

तुम लोग मंडप में क्यों आई हो। तुम्हें लज्जा नहीं आती क्या।

आमू हजारे भोरिया ने
हामू झोपेले आई
आमू हजारे भोरिया ने
तारा माण्डवे आई।।

शब्दार्थ : **आमू** = हम, **भोरिया** = भरे, **झोपेले** = द्वार, **तारा** = तेरे।

हम लोग हजारों रुपये देकर तुम्हारे द्वार पर आये हैं। तुम्हारे मण्डप में आने से पहले हमने पैसे दिये हैं।

हजारे भोरती ते तारी.....,
जाती ओ आयणी
पोइशा भोरती ते तारी.....,
जाती ओ आयणी।।

शब्दार्थ : **भोरती** = भरती, **तरी** = तेरी, **पोइशा** = पैसे।

यदि हजारों रुपये देये तो तुम्हारी दशा खराब हो जाती।

हामू नी भोरिया
आमरो बेनो भाई भोरियो
हामू नी भोरिया
आमरो लाटेकलो भोरियो।।

शब्दार्थ : आमरो = हमारा, **बेनो** = वर, **लाटेकलो** = प्रिय।

हमने रुपये नहीं दिये। हमारे वर राजा ने पैसे दिये और हम उसके साथ यहाँ आये।

मारो भाई चोढ़ियो ने
उभेलित राखी ओ
धीरी ओ तारी धीरी ओ,
मारो भाई चोढ़ियो ने
बोसाड़ी देदी ओ
धीरी ओ तारी धीरी ओ।।

शब्दार्थ : मारो = मेरा, **चोढ़ियो** = चढ़ा, **उभेलित** = खड़े–खड़े, **बोसाड़ी** = बिठाना।

मेरे भाई ने खड़े–खड़े तुमसे विवाह कर लिया। देखते ही देखते तुम्हें बिठा लिया।

छोटी उम्बी ने
घऊं फोसला रे लोल
आइणींग कोरे ते
दस....., रे लोल।।

शब्दार्थ : उम्बी = गेहूँ की बालियाँ, **घऊं** = गेहूँ।

गेहूँ की बालिया छोटी हैं और गेहूँ कमजोर है। समधन से लगाव हो गया है।

बेनो बोयून लायो ने
गोळी साकेड़ी रे लोल
बेनो भोजाई लायो ने
गोळी साकेड़ी रे लोल।।

शब्दार्थ : लायो = लाया, **गोळी** = गली, **साकेड़ी** = सँकरी।

गली बहुत सँकरी है। इस सँकरी गली से वर ला रहे हैं।

रामू आवे ओ हेलमेल कोरतो
आयणी नू....., मारो रमकावे ओ।।

मेरा भाई ऐसी क्रियायें करता आ रहा है कि समधन से लगाव हो गया है।

आसी कसी तेज
बोताड़े ओ आयणी
काकेरो ने काकेरो
खवाड़्यो ओ आयणी।।

शब्दार्थ : आसी = ऐसी, **कसी** = कैसी, **बोताड़े** = बताना, **काकेरो** = कंकर।

इस प्रकार हमें नखरे क्यों बता रही हो। तुम लोगों ने कंकर ही खिलाये हैं।

काळी आम्बे ओ मोती झाझेड़ा
दुई–दुई हाथे ओ चुळे..... ।।

शब्दार्थ : झाझेडा = घने, **चुळे** = मसलना।

काले आम पर बहुत घने मोती लगे हैं। समधन दोनों हाथों से मसल रही है।

इने माण्डवे ते ढुलगी
टांगी रे भियान
पोली आयणी ते
काच काढ़ी रोही रे भियान।
पलो भायो ते
ओधो–पोछो होवे रे भियान
इने माण्डवे ते
गुल्ळु कोरे रे भियान।।

शब्दार्थ : **माण्डवे** = मंडप, **ढुलगी** = ढोलक, **पोली** = वो, **गुल्ळु** = चुम्बन।

इस मंडप में ढोलक टांग रखी है। समधन का जी ललचा रहा है। मेरा भाई आगे– पीछे हो रहा है। मण्डप में चुम्बन ले लिया ।

जो ते सोणे ने फैले
ओ झदर–वदर जाय
जो ते आयणी ने.....,
ओ झदर–वदर जाय।।

शब्दार्थ : सोणे = पटसन, **झदर–वदर** = छितराया।

पटसन की तरह समधन भी इधर–उधर छितरायी हो गयी है।

सोगाई मा सोगाई कोरी ओ
आयणी झोगड़ो मा कोरे ओ।।

शब्दार्थ : सोगाई = रिश्तेदारी, **झोगड़ो** = झगड़ा।

अरे ओ समधन! हम लोगों ने आपसे रिश्तेदारी स्थापित की है। आप लोग हमसे झगड़ा मत करो।

सूखली वाटकी लायो

घोटाळा पिर्‌या
तारी आसी न
सूखली मारों।।

शब्दार्थ : घोटाळा = गंजा, **पिर्‌या** = लड़का, **आसी** = माता।

ये गंजा लड़का सूखी वाटकी लाया, इसे लज्जा नहीं आयी क्या।

लाड़ो छिनाळे लायो ने
गली मोकळी रे लोल
लाड़ो छिनाळे लायो ने
गली मोकळी रे लोल।।

शब्दार्थ : छिनाळे = चरित्रहीन, **मोकळी** = फैली हुई।

वर को देखो, वह तो चरित्रहीन महिलाओं को ले आया है। इस कारण गलियाँ फैली हुई है।

लाड़ी नी बोइण छिनाळी
गली साकड़ी रे लोल
लाड़ी नी बोइण छिनाळी
गली साकड़ी रे लोल।।

शब्दार्थ : लाड़ी = वधू, **बोइण** = बहन, **साकड़ी** = सँकरी।

वधू की बहन चरित्रहीन है, इसलिए गली सँकरी है।

तेली ने रोही ने
तेल त लावी
तू घुणी चुपड़े ओ
नाहेली बेनी।

वाण्या घोर रोही ने
पुथल्या लावी
तू घुणी चुपड़े ओ
नाहेली बेनी।।

शब्दार्थ : रोही = रही, **लावी** = लायी, **घुणी** = मत, **चुपड़े** = मलना, **वाण्या** = बनिया, **पुथल्या** = कपड़े।

अरे ओ वधू! सुनो तो सही। तुम्हारे ससुराल पक्ष की महिलायें तेल लगाने के लिए लायी है। इनके द्वारा दिये कपड़े भी मत पहनाएँ, क्योंकि ये बनिये के घर रही और कपड़े लायी है।

इनी खोपड़ी मा
वारे लागे ओ,
डाहेली लाड़ी
बाहेर निकेळ।।

शब्दार्थ : खोपड़ी = झोपड़ी, **वारे** = देर, **डाहेली** = वृद्धा, **लाड़ी** = वधू, **बाहेर** = बाहर।

इस झोपड़ी के अन्दर बहुत देर लगा रही हो। वृद्धा वधू बाहर निकलो।

बेना लाड़ी ने
बुलावी ले चवरी मा
दिनेश आयणिंग
बुलाई ले घोरे मा।।

शब्दार्थ : बुलावी = बुलाना, **आयणिंग** = समधन, **घोरे** = घर, **चवरी** = मंडप।

अरे वर जी! तुम लाड़ी को चवरी में बुला लो। रही बात समधनों की तो उन्हें हमारा भाई घर में बुला लेगा।

हाथे चबद रे
बेना पाँये चबद
आपणी लाड़ी छे
बेना आपणी लाड़ी छे।।

शब्दार्थ : चबद = दबाना, **पाँये** = पैर, **आपणी** = अपनी।

वर जी, तुम हाथ–पैर को स्पर्श कर सकते हो, क्योंकि ये लाड़ी तुम्हारी ही है।

हाथे चबद ओ
बेनी पाँये चबद
आपणो लाडू ओ
बेनी आपनो लाडू छे।।

वधू, तुम हाथ–पैर को स्पर्श कर सकती हो, क्योंकि ये वर तुम्हारा ही है।

बेनी डेंगरा काटी आले ओ
बेनो टेके–टेके जाय।।

शब्दार्थ : **डेंगरा** = लकड़ी।

वधू लकड़ी काट लायी है। इस लकड़ी के सहारे वर चलता है।

चार फेरा फिरजे बेना
आपणी लाड़ी छे।।

हे वर! तुमने चार फेरे लेना, क्योंकि वधू तुम्हारी ही है।

सागे ने सुटो
अड़ी झड़ी खेले ओ

भाई ने सुरती
गबड़ गुटीया खेले ओ।।

शब्दार्थ : सागे = सागवान, **सुटो** = लकड़ी।

सागवान की लकड़ी है, जिससे खेल खेलना। भाई तो गबड़ गुटीया का खेल खेलते हैं।

घर मा भोराई डुकरी,
डुकरा टेवाड़े ओ
घर मा भोराई आयणी,
डुकरा टेवाड़े ओ।।

शब्दार्थ : डुकरी = वृद्धा, **डुकरा** = वृद्ध, **टेवाय** = आदत।

वृद्धा घर के अन्दर घुसी तो वृद्ध पुरुष उनसे छेड़छाड़ करेंगे।

चूलो भाळी जाजे ओ आयणी,
तारो चूलो ओ
हान्डी धुई जाजे ओ आयणी,
तारी हान्डी ओ।।

शब्दार्थ : चूलो = चूल्हा, **हान्ड़ी** = मटकी, **धुई** = धोना।

समधन हमारा चूल्हा देख जाओ। ये चूल्हा तुम्हारा ही है। मटकी धो जाओ, ये मटकी तुम्हारी ही है।

चूला पछळ कामटी,
चोट कोरे लोल,
आयणी ढुसी....
तोसी भोभड़े रे लोल।।

शब्दार्थ : पछळ = पीछे, **कामटी** = धनुष, **चोट** = लक्ष्य, **तोसी** = जैसी।

चूल्हे के पीछे धनुष रखा है। लक्ष्य वेध करता है। समधन तुम इस प्रकार इतराओ मत।

आयणी ने सोर्‌या न
सोर्‌या सेटा ओ
गूफण विणाओ
हुर्‌या टोळी ओ।।

शब्दार्थ : सेटा = बाल, **सोर्‌या** = लम्बे।

लीमड़ा नी भाजी रान्दो
कड़वी–कड़वी लागे ओ
आयणी तारे....., घालों
ओळी–ओळी कोहे ओ।।

नीम की भाजी कड़वी लगती है। समधन तो और –और कहती हैं ।

डाहेली लाड़ी ओ
लाड़ी गोधड़ी कूदे ओ
डाहेली लाड़ी ओ
लाड़ी गोधड़ी कूदे ओ।।

शब्दार्थ : गोधडी = गधी, **कूदे** = कूदना।

वधू वृद्धा हो चूकी है, इसलिए वह गधी के समान उछल कूद कर रही है।

डाहेलो लाड़ो ओ
लाड़ो गोधेड़ो कूदे ओ

डाहेलो लाड़ो ओ
लाड़ो गोधेड़ो कूदे ओ।।

वर वृद्ध हो चुका है, इसलिए गधे के समान नाच रहा है।

ओ बेनी धूळा ढिगळी मा रोमतेली,
पोड़ गुई जनम दुख मा।
ओ बेनी भाई भेळ मा रोमतेली,
पोड़ गुई जनम दुख मा।
ओ बेनी सइरी–सइरी रोमतेली,
पोड़ गुई जनम दुख मा।
ओ बेनी भेळी हाटे जातेली,
पोड़ गुई जनम दुख मा।।

शब्दार्थ : धूळा = धूल, **रोमतेली** = खेलना, **सइरी** = गाड़ीवाट, **हाटे** = हाट।

वधू तुम हमारे साथ धूल में खेलती थी, पर अब जनम भर के लिए दुख में पड़ गयी हो। तुम अपने भाईयों के साथ खुश होकर खेलती रहती थी, पर अब दुखों को झेलना पडेगा। गाड़ीवाट में खेला करते थे। साथ–साथ हाट भी जाते थे, पर अब दुखों को झेलना पड़ेगा।

बेनी रड़ो मती
बेनी कलपो मती
तोसी दुनिया गति,
तोसी आपणी गति।।

शब्दार्थ : रड़ो = रोना, **कलपो** = कुढ़ना।

हे वधू! तुम रोना छोड़ दो। जिस प्रकार दुनिया की गति होती है, अपनी दशा भी वैसी ही होगी।

पीपळियो पान जलक्यो
ओ नानी बेनेड़ी
भाई न साथ छुड़ दे
ओ नानी बेनेड़ी
सासू न भेळ कोर ले
ओ नानी बेनेड़ी।।

पीपल का पान चमकने लगा है। अब ऋतु बदल गयी है। तुम अपने भाईयों का साथ छोड़ दो और सास का साथ कर लो।

लाड़ी के घट्ठे बोसाणो
नी दळे ते ओरी लाते पोरी लाते
दी ने डंडान्डियो धोराड़सू ।।

शब्दार्थ : दळे = पिसना, **ओरी** = इधर, **पोरी** = उधर।

वधू को घट्टी में अनाज पीसने के लिए कहेंगे । यदि उसने ऐसा नहीं किया, तो लातें पड़ेंगी।

दाऊण दुइड़ा हेर रे राजू भाई
आयणिंग बाँधी लेसुन।।

शब्दार्थ : हेर = ढूँढना, **दुइड़ा** = रस्सी।

कहीं से रस्सी ढूँढकर लाओ। इस समधन को बाँध लेते हैं ।

एना खोपड़्या मा
काई वाता कोरे ओ
बुड़ेल लाड़ी,
चाल मारा देश।।

शब्दार्थ : खोपड़्या = झोपड़ी, **वाता** = बातें।

इस झोपड़ी में क्या बातें कर रही हो। हे वधू! अब हमारे देश चलो।

आजन रात रोही जा
ओ आयणी
बुकड़ान कुड़्या
मा सुवाड़सू।।

शब्दार्थ : बुकड़ान = बकरियों का, **कुड़्या** = बकरियों का निवास।

हे समधन! आज की रात्रि यहीं रह जाओ। यदि आज रात्रि यहीं रहती हो तो बकरियों के निवास में तुम्हें सुलाया जायेगा।

लाड़ी रोड़े,
लाड़ी नी बोणसी काह रोड़े
लाड़ी रोड़े,
लाड़ी नी सहेली काह रोड़े।।

वधू रो रही है, पर उसकी बहन क्यों रो रही है। देखो, उसकी सहेली भी रो रही है।

नीळी तुवेर पेळो फूल
ओ मारी नानी बेनी
तारो सासेरो लाम्बी दूरे
ओ मारी नानी बेनी
लाम्बी वाटे छोटी गाड़ी
ओ मारी नानी बेनी
आदी उजाड़ आदी माले
ओ मारी नानी बेनी ।।

शब्दार्थ : सासेरो = ससुराल, **लाम्बी** = लम्बी, **उजाड़** = सुनसान।

हरी तूवर में पीले फूल आ गये, मेरी प्यारी वधू। तुम्हारा ससुराल बहुत दूर है। रास्ता लम्बा है और गाड़ी छोटी है। आधी दूर सन्नाटा है और आधी दूर चढ़ाव है।

डोबो भोरीन गीत ओ,
मारा डोबाई मा डोबो ढुळी रहलो ओ
वाता कोरती जाजे गीत गाऊं,
आयणी ढसाड़ी ओ।।

शब्दार्थ : **डोबो = डब्बा, वाता = बात, ढसाड़ी = भगाना।**

मेरे पास डब्बा भरकर गीत है। मैं बात करती जाती हूँ और गीत गाती हूँ। मेरे गीत सुनकर समधन भाग जाती है।

डोबो भोरी गीत ओ,
मारा डोबाई मा डोबो ढुळी रहलो ओ
गायो गीत गवाड़ो,
नी गावे ते गाले थप्पड़ मारो ओ
हसली गीतारी काजे
उमेरी ने दुबले पाणी पाओ ओ।।

शब्दार्थ : **ढुळी** = ढुलना, **थप्पड़** = थप्पड़, **गीतारी** = गीत गाने वाली।

डब्बा भरकर गीत मेरे पास हैं। डब्बे से गीत गिरते हैं। मेरे गाये गीत गावोगे तो झापड़ पड़ेगी।

हामू नवली लाड़ी लाया रे,
भाळ रे बेना भाळ
हामू तातला रूटा खासू रे,

भाळ रे बेना भाळ।।

शब्दार्थ : **तातला** = गर्म, **रूटा** = रोटी, **खासू** = खायेंगे।

हम लोग नयी वधू लाये हैं। भाई देखो तो सही हम अब गर्म रोटियाँ खायेंगे।

लाड़ी पोछी फिरी–फिरी ने भाळ
तारो जुनलो संगात्यो बुलावे।।

शब्दार्थ : **पाछी** = पीछे, **फिरी** = मुड़कर, **जुनलो** = पुराना, **संगात्यो** = साथी।

वधू तुम पीछे मुड़कर क्या देख रही हो। क्या तुम्हारा पुराना साथी बुला रहा है।

तुखे कणेण परणायो रे
नवेला बेना
तुखे भाई ने परणायो रे
नवेला बेना
तुखे भोजाई ने परणायो रे
नवेला बेना।।

शब्दार्थ : **बइड्या** = पहाड़, **सासेरो** = ससुराल।

भूरे –भूरे पहाड़ दिख रहे हैं। हे वधू! देखो तुम्हारा ससुराल दिख रहा है।

कहावतें

आपणो अलग रांदणो।
शब्दार्थ : आपणो = अपना, **अलग** = भिन्न, **रांदणो** = बनाना।
अलग– अलग विचार।

आपणो करम आपणो करसू।
शब्दार्थ : करम = कर्म, **करसू** = करना।
अपना कार्य करना।

आपणा फलया या कुतरु बी न्हार बोण जाय।
शब्दार्थ : फळ्या = मोहल्ला, **कुतरु** = कुत्ता, **न्हार** = सिंह, **बोण जाय** = बन जाना।
अपने गाँव में ताकत दिखाना।

अगल जासु ते मांडा टुटसे,
पछल आक्सू ते डुळा फुटें।
शब्दार्थ : मांडा = घुटने, **डुळा** = आँखें।
दोनों तरफ समस्या।

आयी लोछमी पाछी नी आपजे।
शब्दार्थ : लोछमी = लक्ष्मी, **पाछी** = वापस।
समय का लाभ उठा लेना चाहिए।

इन्खेर ससरास नू खाटलू,
वथो उहडीस नू दळनो।
शब्दार्थ : इन्खेर = इधर, **सेसरास** = ससुर, **उहडीस** = बहू।
नियम का उल्लंघन करना

असलुत पाहणो ते उड़दी नू दाल।
शब्दार्थ : असलुत = व्यर्थ, **उड़दी** = उड़द, **पाहणो** = मेहमान।
बिन बुलाये मेहमान।

आपणा पोइशा रत ते दीसरा नू काई गोलती।
शब्दार्थ : पोइशा = पैसे, **रत** = खोटा, **दीसरा** = दूसरा।
खुद में खोट।

आपणी ओकल ने मातलू सबुन काजे वारु लागे।
शब्दार्थ : ओकल = बुद्धि, **मातलू** = धनवान, **सबून** = सब, **वारु** = अच्छा।
अपनी बुद्धि पर सबको भरोसा।

आपणो बेटूस ने थुड या की लुगाई वारु लागे।
शब्दार्थ : बेटूस = पुत्र, **थुड** = पड़ोस, **लुगाई** = पत्नी, **लागे** = लगना।
अपना पुत्र एवं दूसरे की पत्नी अच्छी लगती है।

आपणा मही काजे कुण खाटो कोहे।
शब्दार्थ : मही = छाछ, **खाटो** = खटाई, **कुण** = कौन, **काजे** = को।
अपनी चीज को सब अच्छा कहते हैं।

आपणी आईस काजे कुधू नी डाकणी कोहे।

शब्दार्थ : आईस = माँ, **कुधू** = कोई, **डाकणी** = डायन, **कोहे** = कहना।

अपनी माँ को कोई बुरा नहीं कहता।

हिमी ते बेटिस बास ना घर छे।

शब्दार्थ : हिमी = अभी, **बेटिस** = बेटी, **बास** = पिता, **छे** = है।

अभी भी सुधार का अवसर है।

अंडा सेवे दीसरु ने पिचा ली जाय तीसरु।

शब्दार्थ : दीसरा = दूसरा, **पिचा** = बच्चे, **तीसरु** = तीसरा।

अंडों की रक्षा करे दूसरा और उन्हें ले जाय तीसरा।

आपणी राफ डुचू आपणे चामडो कदू भराय।

शब्दार्थ : डुचू = घाव, **चामडो** = चमड़ी, **कदू** = से, **भराय** = भराना।

अपना घाव अपने मांस से ही भराता है।

आपणी राफ मा धोड़स्यु बी सुदुज भराय।

शब्दार्थ : राफ = बिल, **धोड़स्यु** = सर्प, **भराय** = भराना।

अपने बिल में सर्प भी सीधा जाता है।

साब ने ओगल ने गाोधड़ान पछळ नी रेहणो।

शब्दार्थ : साब = साहब, **ओगळ** = आगे, **पछळ** = पीछे, **रहणो** = रहना।

अधिकारी के आगे और गधे के पीछे नहीं रहना।

ऊंचू थुकसे ते आपणे मुंडका पोर आवसे।

शब्दार्थ : ऊंचू = ऊपर, **थुकसे** = थूँकना, **मुंडका** = सिर, **आवसे** = आना।

ऊपर थूकोगे तो खुद पर गिरेगा ।

आंधळु दळे ने कुतरा खाय।

शब्दार्थ : आंधळु = अंधा, **दळे** = पीसना, **कुतरा** = कुत्ता, **खाय** = खाना।

अंधा पीसे कुत्ते खायें।

आजुन पुरयो वाहणेन बास।

शब्दार्थ : आजुन = आज का, **पुरया** = लड़का, **वाहणेन** = कल, **बास** = पिता।

अंधा पीसे कुत्ते खायें।

उगतू दहाडान सब राम–राम कोरे।

शब्दार्थ : उगतू = उगते, **दहाडान** = सूरज।

उगते सूरज को सब प्रणाम करते हैं।

काका नू लेणो ने बाबा नू आपणो।

शब्दार्थ : काका = काकाजी, **बाबा** = ताऊजी।

काका का लेना और बाबा का देना।

आंगळी धोरिन खूबो धर सून।

